21 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 12/21/2023 10:31 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 बिना अनुमति ठेकेदार ने शासकीय भूमि से किया सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन

## खबर संक्षेप

### महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर बाल मेला आज

**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा भारत के महान गणितज्ञ आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। विद्यालय के प्रधान पाठक ने बताया कि जयंती के अवसर पर 22 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाल मेला एवं गणित मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेला में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

### कुलपति ने दी राजभवन के निर्देशों की जानकारी

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. अशोक सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत के संदर्भ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यपरिषद के सदस्यगण, संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के कुलपति ने विकसित भारत के संदर्भ में राजभवन से प्राप्त निर्देशों के बारे में जानकारी उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी। महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के ऑनलाईन पोर्टल पर अपना विचार साझा करने के लिए कहा। उपस्थित शिक्षक, प्राचार्य एवं विद्यार्थियों ने अपना विचार व्यक्त किया। कुलपति ने प्राचार्यों को महाविद्यालय स्तर की कार्रवाई से विवि को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. अर्नब बनर्जी ने किया तथा कुलसचिव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय अपर संचालक, कार्यपरिषद के सदस्य, महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं यूटीडी के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### साइंस क्विज स्पर्धा में अनुराग को प्रथम स्थान

**सीतापुर।** राष्ट्रीय अनुसंधान कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल देवगढ़ में जिला स्तरीय



क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा माध्यमिक जिला सरगुजा द्वारा आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में जिले भर से चयनित कुल 20 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेजेस देवगढ़ में अध्ययनरत कक्षा 12 वी के छात्र अनुराग सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसे बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, प्राचार्य सुनील कुमार गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीइओ ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्र समेत विद्यालय विकासखंड एवं जिले के लिए गौरव की बात है। इसी तरह सभी छात्रों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी कड़ी मेहनत करते हुए आने वाले बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर अपना नाम रोशन करें। इससे आपके अलावा आपके विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन होगा एवं दूसरे छात्रों जो भी प्रेरणा मिलेगी।

### चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नवागढ़ निवासी 45 वर्षीय परषोत्तम दास आ. घासी राम 16 दिसंबर को अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। युवक की शिकायत के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विक्रम सारथी नामक युवक चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर श्रीगढ़ महादेव तालाब रोड निवासी 22 वर्षीय विक्रम सारथी आ. विष्णु सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस द्वारा बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश सिंह, थाना प्रभारी मणिपुर प्रदीप जायसवाल, सूरज राय, अमित राजवाड़े, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

### लगने के बाद कई चौक-चौराहों में शुरू नहीं हो सकी सुविधा

# शहर के अधिकांश ट्रैफिक सिग्नल बने शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो इसके लिए महानगरों की तर्ज पर शहर के 11 चौक-चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए है। हैरानी की बात यह है कि लगाये गए सिग्नल में से महज चार-पांच ट्रैफिक सिग्नल काम कर रहे है जबकि बाकि सभी सिग्नल चौक-चौराहों की शोभा बढ़ाने मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं है बावजूद इसके बंद पड़े सिग्नल को शुरू करने आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी। हालांकि जहां सिग्नल काम कर रहे है जहां लोग यातायात नियम का पालन करते है और जहां बंद है वहां यातायात नियम को भूल फर्राटे भरने लगते है। इधर यातायात विभाग के कर्मचारियों को सिग्नल के काम करने से राहत होती है वहीं जहां सिग्नल बंद है वहां हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- 11 चौक-चौराहों में लगाए गए है सिग्नल



बिलासपुर चौक का बंद ट्रैफिक सिग्नल।

**जा चुकी है कई जान**

शहर के जिन चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल काम करते है वहां काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है परंतु जहां सिग्नल होने बावजूद सिग्नल के काम नहीं करने से आज भी पूर्व की भांति दुर्घटनाएं होती है। कुछ माह पूर्व ही अम्बेडकर चौक, बिलासपुर चौक सहित अन्य चौक में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें कई लोगों की मौके पर तो कुछ लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा।

**नियम का नहीं करते पालन**

शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने चौक-चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए है। हालांकि शहर के अधिकांश चौक चौराहों में लोग ट्रैफिक सिग्नल का पालन करते है परंतु चांदनी चौक ऐसा चौक है जहां लोग ट्रैफिक सिग्नल के शुरू होने के बावजूद पालन नहीं करते है। जबकि सबसे खतरनाक चौक में चांदनी चौक शामिल है जहां पूर्व में भी सड़क दुर्घटना होने से कई लोगों ने जान गवा चुके है।

कुछ साल के भीतर शहर आबादी में काफी बढ़ोतरी हुई है जिसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ा है। शहर में दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही रिंग रोड के बनने के बाद से चौक चौराहों पर यातायात काफी खतरनाक हो गया है और हर समय दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। शहर में दुर्घटनाएं कम हो और लोगों को यातायात नियम का पालन कराने के उद्देश्य से कुछ साल पूर्व ही प्रमुख चौक चौराहों में ट्रैफिक सिग्गन लगाए गए है। जिसमें गांधी चौक, आकाशवाणी चौक, रामानुजगंज चौक, महामाया चौक, महामाया द्वार चौक, भारत माता चौक, अग्रसेन चौक, बिलासपुर चौक, घड़ी चौक, अंबेडकर चौक, प्रतापपुर चौक, चांदनी चौक शामिल है। इन सभी चौक पर पीपीपी मोड पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए गए है। शहर के गांधी चौक, आकाशवाणी चौक, घड़ी चौक, प्रतापपुर चौक, रामानुजगंज चौक, चांदनी चौक का ट्रैफिक सिग्नल काम करते है परंतु अधिकांश चौक चौराहों में लगाए गए सिग्नल मात्र शो पीस बनकर रह गई है। जहां केवल यातायात कर्मचारियों के भरोसे है यातायात व्यवस्था निभर है। ऐसे में शहर के अन्य चौक चौराहों में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल काम करने लगे तो न सिर्फ शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी बल्कि दुर्घटना कम होने के अलावा यातायात कर्मियों को भी काफी राहत मिल सकेगी।

**जल्द होगी शुरू**

चौक चौराहों पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल चालू है। जहां के बंद है उसमें तकनीकी खराबी आई है उसे जल्द की मरम्मत कराकर वहां ट्रैफिक सिग्नल शुरू कर दी जाएगी।

-स्मृतिक राजनाला
नगर पुलिस अधीक्षक



# तरंगित फंदे में युवक की मौत के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर/बलरामपुर

जंगली सुअर का शिकार करने के लिए लगाए गए तरंगित फंदे में फंसकर युवक द्वारा जान गवाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक के आरोपियों के साथ मिलकर शिकार के लिए हाईटेंशन तार का जाल बिछाया था लेकिन खुद ही युवक अपने जाल में फंस गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के साथी फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा जांच उपरान्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि वाड्रफनगर के भगवानपुर वार्ड नंबर 15 निवासी जितेंद्र खुसरो उर्फ मुन्ना आ. स्व. हरिप्रसाद का शव 13 दिसंबर को अजगरा जंगल में तरंगित तार से लिपटा हुआ मिला था। प्रारंभिक जांच में उसकी मौत हाईटेंशन तार के जाल में फंसने से होने की बात सामने आई थी। इसके साथ ही जांच में पता चला कि मृतक ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकार के लिए फंदा लगाया था और संभवतः तार में फंसकर खुद ही युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। पीएम रिपोर्ट में करेंट से मौत की पुष्टि होने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चन्द्रेश सिंह ठाकुर व एसडीओपी राम अवतार सिंह नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस के अनुसार मृतक जितेंद्र खुसरो अपने साला राम शरण व अन्य दो दोस्तों राम सिंह व बीरबल के साथ 12 व 13 दिसंबर की दरमियानी रात अजगरा ⏭ शेष पेज 4 पर

- जंगली सुअर के शिकार हेतु मृतक ने साथियों के साथ लगाया था हाईटेंशन फंदा

# 17 दिनों से 27 हाथियों का दल मचा रहा उत्पात, फसलों को पहुंचाया नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में मौजूद 27 हाथियों के दल का उत्पात जारी है। बीती रात पुनः हाथियों ने घर के बाउंड्री वाल को तोड़ने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण कड़ाके की ठण्ड के बीच रतजगा करने को मजबूर है। बता दें कि वन परिक्षेत्र में विभग 17 दिनों से 27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी जंगल से निकलकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। बीती रात भी हाथियों ने ग्राम खुखरी में सुनील जायसवाल के बाउंड्रीवाल को तोड़कर आलू की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके साथ ही हाथियों ने तीन किसानों के गन्ना की फसलों को चट कर दिया। वहीं हाथियों के एक व्यक्ति के पाइप को क्षतिग्रस्त किया गया है। वर्तमान में हाथी चाची सर्किल के सुटकोना मंदरीडांड जंगल में विचरण कर रहे है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग द्वारा भी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार दौरा कर लोगों को सचेत किया जा रहा है। राजपुर उप वन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू ने बताया कि प्रतापपुर क्षेत्र की ओर से 27 हाथियों का दल 5 दिसंबर को चौरा होते हुए वन परिक्षेत्र में प्रवेश किया था।

हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की टीम दल की निगरानी कर रही है। वन विभाग की टीम ग्राम नरसिंहपुर, दुप्पी, चौरा, मारकाडांड, धंधापुर, चिलमाकला, परसागुड्डी, जमुनिया, चाची, धंधापुर, खुखरी, रेवतपुर, परसवारकला, खोडरो, शिवपुर, कुंदीकला, इत्यादि गांवों में भ्रमण कर मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की समझाइस दी जा रही है। इसके साथ ही लोगों को जंगल से दूर रहने और हाथियों के दल से छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइस दी जा रही है। इसके साथ ही हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा तैयार किया जा रहा है।

- कड़ाके की ठण्ड में ग्रामीण कर रहे रतजगा,

### माजदा की टक्कर से बड़े भाई की मौत, छोटा गंभीर

**कोरबा।** तेज रफ्तार माजदा के चालक ने साप्ताहिक बाजार से गुपचुप ठेला लेकर लौट रहे दो भाईयों को ठोकर मार दिया। हादसे में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई को गंभीरावस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना को अंजाम देकर माजदा चालक मौके से फरार हो गया है। जबकि वाहन को पुलिस ने जप्त कर चालक की खोजबीन शुरु कर दी है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम नोनबिर्रा के मंझवारपारा में मंगलवार की देर शाम घटित हुई है। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में निवासरत भागीरथी प्रजापति 22 वर्ष पिता सुखराम प्रजापति व चचेरा भाई 12 वर्षीय करण गुपचुप (पानी पुरी) का ठेला चलाते थे। भागीरथी अपने भाई करण प्रजापति के साथ ठेला लेकर गांव में ही लगने वाले साप्ताहिक बाजार गया था। बाजार समाप्त होने के बाद दोनों भाई ठेला को लेकर घर की ओर लौट रहे थे। वे मुख्य मार्ग में चबूतरा के समीप पहुंचे थे, इसी दौरान करतला की ओर से आ रहे माजदा क्रमांक जेएच 05 बीएच 2196 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठेला को जमकर ठोकर मार दी।


# अनियंत्रित होकर पलटी कार, टोचन कर ले जाते समय लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से चिरमिरी जाते समय कार सवार का सामना हाथी से हो गया। अपनी जान बचाने चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान सलाईगोट खदान मार्ग में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह कार टोचन कर ले जाते समय अचानक लगी आग से जलकर खाक हो गई है।

ज्ञात हो कि शनिवार को कोरबा में रहने वाला एक व्यक्ति कार में सवार होकर चिरमिरी के लिए रवाना हुआ था। वह कटघोरा मुख्यमार्ग से होते हुए कोरबी पुलिस चौकी अंतर्गत मातिन दाई मंदिर सलाईगोट खदान मार्ग में पहुंचा था। इसी दौरान चालक की नजर सड़क में डेरा डाले हाथी पर पड़ी। हाथी को सामने देख कार चालक बुरी तरह से घबरा गया। उसने अपनी जान बचाने खदान मार्ग में कार की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक सुरक्षित बच निकला। घटना के बाद कार को टोचन कर सुधार के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक कार में आग लग गई। जब तक आग को बुझाया जाता, कार जल कर खाक हो चुकी थी। जिसे मौके पर ही छोड़ दिया गया। बीते पांच दिनों से जली हुई कार मौके पर ही पड़ी हुई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चा है कि तीन व्यक्ति को टोचन कर कार को ले जाते देखा गया था। उनके हाथ में पेट्रोल से भरे दो जेरिकेन भी थे। जिससे पूरे मामले को संदिग्ध नजर से देखा जा रहा है।

- खदान मार्ग में हाथी से सामना होने से अनियंत्रित हुई थी कार



दुर्घटनाग्रस्त कार।

# पार्वतीपुर जंगल में कपड़े में लिपटी मिली नवजात बच्ची

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के पार्वतीपुर जंगल में गुरुवार को पुलिस ने नवजात बच्ची को लावारिश हालत में बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि पार्वतीपुर निवासी रमाशंकर कुजुर अपने मित्र पुरुषोत्तम यादव के साथ अंबिकापुर जा रहा था तभी पार्वतीपुर जंगल में सड़क किनारे कपड़े में लिपटे हाल में उसने नवजात को देख पुलिस को मामले की सूचना दी।सूचना



पर जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा उपरांत सूरजपुर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया व नवजात बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया है।पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 317 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पता तलाश शुरू की है।

### 64 बोरी अवैध धान लोड पिकअप जब्त

**बिहारपुर।** नायब तहसीलदार संजय शर्मा के नेतृत्व में राजस्व अमले ने बीती रात सीमावर्ती सीमा पर 64 बोरी अवैध धान लोड एक पिकअ को जब्त किया है। नायब तहसीलदार श्री शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमला सीमावर्ती क्षेत्र के भ्रमण पर थे। इस दौरान रात में मध्यप्रदेश के सिंगरौली की तरफ से आ रहे पिकअप क्रमांक 64 टी 8385 को रोक कर जांच की गई तो उसमें 64 बोरी धान मिला। चालक द्वारा धान के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर धान लोड पिकअप को जब्त किया गया है। धान परिवहन कर रहे ग्राम नवगई निवासी तुलेश्वर जायसवाल ने कलेक्टर को शिकायत कर नायब तहसीलदार पर स्वयं के खेत का धान परिवहन करने पर 30 हजार रूपए की मांग करने एवं राशि नहीं देने पर जब्ती की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उसने सीमावर्ती क्षेत्र स्थित अपने खेत से धान परिवहन करने संबंधी सूचना पूर्व में तहसीलदार को देने की भी जानकारी दी है।



# कूटरचित दस्तावेज से दूसरे की जमीन को अपना बताकर ठगे 13.20 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कूटरचित दस्तावेज से दूसरे की जमीन को अपना बताकर ग्रामीण से 13.20 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। भटगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भटगांव सेंधोपारा निवासी केशव प्रसाद के बाद प्रतापपुर मरहट्टा निवासी शाहबुद्दीन व एक अन्य व्यक्ति पहुंचे थे ग्राम सत्यनगर में मौजूद अपनी जमीन बेचने की बात कही। ग्रामीण आरोपियों के झांसे में आ गया जिसके बाद आरोपियों ने 28 सितंबर 2022 से 3 अप्रैल 2023 के मध्य दूसरे के जमीन की ऋण पुस्तिका में अपने फोटो चस्पा करने के साथ ही केशव प्रसाद को सत्यनगर में चार एकड़ जमीन दिखाई। आरोपियों ने उससे 3 लाख रुपए प्रति एकड़ का सौदा कर अलग-अलग तिथियों में रकम ट्रांसफर कराए व जमीन के दस्तावेज तैयार करने के नाम पर भी पैसे लिए। आरोपियों ने ग्रामीण से कुल 13 लाख 20 हजार रुपए की ठगी की। ठगी के शिकार ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। एसपी आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर पुलिस द्वारा आरोपी ग्राम मरहट्टा निवासी 58 वर्षीय शाहबुद्दीन आ. रज्जाक को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल व वाहिद हुसैन सक्रिय रहे।

- एक आरोपी गिरफ्तार,

### बच्चों ने बताया दो दिन में एक बार मिलता है नास्ता, कंबल थे पेटी में बंद

# बीईओ के निरीक्षण में नदारद मिले छात्रावास अधीक्षक, ठंड से बेहाल थे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी छात्रावासों में अधीक्षक की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। छात्रावास में छात्राओं के लिए सुविधाओं में सुधार हुआ है और ना ही अधीक्षक की आदतें सुधरी है। अधीक्षक की लापरवाही का खुलासा बीईओ के आकस्मिक निरीक्षण से हुआ है। बता दें कि कलेक्टर कुंदन कुमार ने सभी बीईओ व अधिकारियों को छात्रावासों का रात के समय निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही अधीक्षकों को व्यवस्थाओं में सुधार करने के साथ ही रात के समय ड्यूटी पर मौजूद



रखने की समझाइस दी जा चुकी है लेकिन बीती रात आठ बजे जब बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर प्री मैट्रिक बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण करने तो छात्रावास की अव्यवस्था देख दंग रह गए। अधिकारियों के छापामारी के दौरान एक भृत्य मिला जबकि छात्रावास से अधीक्षक गायब थे। वही छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था से त्रस्त कई बच्चे अपने घर चले गए थे। जिससे 45 बच्चों में कुल 27 बच्चे ही छात्रावास में उपस्थित थे। इसके साथ ही कड़ाके की ठंड के बीच बच्चे गर्म कपडे व कंबल के बिना ठिठुरते मिले। हैरानी की बात तो ये है कि छात्रावास में कंबल होने के बाद भी बच्चों को कंबल नही दिया गया था। बच्चों के लिए मौजूद सारे कंबल पेटी के अंदर बंद करके रखे गये था। ठंड से बेहाल बच्चों की दयनीय हालत देख बीइओ ने पेटी खुलवाकर कंबल बच्चों को वितरित कराया।निरीक्षण के दौरान पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें एक दिन गैप करके नाश्ता दिया जाता है। नाश्ते में दिया जाने वाला पोहा भी काफी घटिया किस्म का होता है जिसे भूख से बेहाल बच्चे मजबूर होकर खाते है। बच्चों ने बताया की अधीक्षक शाम को केवल दस से पंद्रह मिनट के लिए छात्रावास आते हैं और उसके बाद वो घर जाते है तो फिर वापस छात्रावास नही आते है।छात्रावास का संचालन भृत्य के जिम्मे रहता है। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में गंदगी का आलम व्याप्त था। अव्यवस्था व अधीक्षक की मनमानी से नाराज बीईओ ने अधीक्षक को फोनकर छात्रावास बुलाया। बीईओ के बुलावे के बाद भी अधीक्षक काफी देर से हॉस्टल पहुंचे जिसके बाद बीईओ ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। बीईओ ने अधीक्षक को दो दिन में व्यवस्था में सुधार करने एवं छात्रावास में पूरा समय रहने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 2 लाख की कर्ज माफी का वादा कर मुकर रही है भाजपा : भगवती



**सूरजपुर।** नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान द्वारा कर्ज बोझ के कारण की गई आत्महत्या दुखद और गंभीर हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा की असंवेदनशीलता और वायदा खिलाफी ने एक किसान को आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। यदि भाजपा सरकार ने पहली केबिनेट में 2 लाख तक कर्जा माफ कर दिया होता किसान को आत्महत्या नहीं करना पड़ता। किसान हीरू बढ़ई के ऊपर 1.24 लाख का कर्ज था उसको कर्ज माफी का भरोसा था और उसके पुत्र की भी शादी थी। कर्ज वसूली के नोटिस से वह मानसिक रूप से परेशान थे। मृतक किसान के बेटे ने भी कहा कि भाजपा के लोग चुनाव प्रचार के दौरान 2 लाख रुपये कर्ज माफ करने की बात कहकर गए थे। सरकार के कर्जमाफी के निर्णय नहीं लेने से वह व्यथित थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के कर्जमाफी करने का वादा किया था। साथ ही इस संबंध में पाम्पलेट भी वितरित किया गया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के चुनाव प्रचार का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल है जिसमें वे 2 लाख कर्जमाफी का वायदा कर रहे है। भाजपा की सरकार बनने पर 2 लाख तक सारे बड़े और छोटे किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। अब भाजपा की सरकार बन गई है तो भाजपा कर्ज माफी के वादे से मुकर रही है।

### सेंट्रल बैंक द्वारा ग्राहकों के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**लहपटरा।** गुरुवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेन्ट्रल बैंक लहपटरा द्वारा 113 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों के साथ खुशियां मनाई गई। बैंक के शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक के सभी ग्राहकों को बधाई देने के साथ ही मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके साथ ही बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों को बैंक द्वारा जी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं की जानकारी दी गई।

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहां बाइक से जा रहा युवक लखनपुर नवापारा के समीप सड़क किनारे खडे ट्रक के पीछे जा घूसा। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी संजय राम आ. सुखनंदन कंवर 18 दिसंबर की रात बाइक से दरिमा अंतर्गत ग्राम बेलखरिखा रिश्तेदार के यहां जा रहा था। जैसे ही युवक लखनपुर नवापारा के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### दुकान का छप्पर तोड़ चोरों ने पार किया 40 बोरी धान

**अम्बिकापुर।** ग्राम मानपुर स्थित एक किराना दुकान का छप्पर तोड़ कर चोरों ने दुकान में रखे 40 बोरी धान को पार कर दिया। संचालक ने घटना की रिपोर्ट प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम केरता निवासी सुदामा गिरी आ. बंशी गिरी का ग्राम मानपुर स्थित घर से लगा किराना दुकान है। गत दिन दुकान बंद कर घर आ गया। दूसरे दिन दुकान का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा छप्पर टूटा व कमरे में रखे 40 बोरी धान गायब था। दुकान में चोरी होने की रिपोर्ट संचालक ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## राजस्व विभाग को लाखों के रायल्टी का नुकसान

# बिना अनुमति ठेकेदार ने शासकीय भूमि से किया सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- सड़क निर्माण में कर रहे प्राकृतिक संपदा का दोहन

किसी भी निर्माण कार्य या उत्खनन के लिए संबंधित विभाग से अनुमति की आवश्यकता होती है। बगैर अनुमति के निर्माण सहित खनन कार्य अवैध होता है। हैरानी की बात यह है करोड़ की लागत से बन रही सड़क की निर्माण कार्य की अनुमति पर ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ कर दिया परंतु सड़क की मिट्टी फीलिंग के लिए शासकीय भूमि से मिट्टी खनन के लिए अनुमति लेना भूल गए। आलम यह है कि बिना अनुमति लिए ही शासकीय भूमि से सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन ठेकेदार द्वारा किया गया जिसकी भनक विभाग को नहीं लगी। अब विभाग भी ठेकेदार द्वारा किए गए खनन को गलत ठहराने के साथ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

जिला मुख्यालय से लगे गांव के ग्रामीणों को अतिरिक्त दूरी तय न करना पड़े और लगभग 10 से 15 पंचायतों का संपर्क सीधे जुड़ सके। इसके लिए रेण नदी पुल के दोनों ओर पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लंबे समय से की जा रही मांग पर चुनाव के बाद लोक निर्माण विभाग ने मुख्य मार्ग से सरस्वतीपुर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। लगभग 6 करोड़ की लागत से बन रही 3.77 किलोमीटर सड़क निर्माण के पहले क्रम मिट्टी पटाई के काम शुरू की गई है जिस मुख्य मार्ग से सरस्वतीपुर तक मिट्टी डालना है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी देखने को मिली है,जहां ठेकेदार ने सभी नियमों को दरकिनार कर प्राकृतिक संपदा का दोहन किया जा रहा है। छठ घाट से सरस्वतीपुर गांव के लिए करोड़ों रुपए के लागत से सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सड़क निर्माण के पहले सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी फीलिंग करना है। परंतु ठेकेदार राजस्व विभाग से बिना अनुमति लिए ही रेण नदी के घाट स्थित लगभग पांच एकड़ शासकीय भूमि से अवैध रूप से मिट्टी निकालकर सड़क निर्माण में लगा दिया है। जिससे खनिज और राजस्व विभाग को लाखों रूपए का रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। मिट्टी खनन का कार्य शहर के करीब से दिन दहाड़े किया जा रहा है जिसकी भनक खनिज और राजस्व विभाग को नहीं लगी। काफी दिन बाद जब संबंधित विभाग को अवैध मिट्टी खनन की जानकारी लगी तो उसके खिलाफ कारवाई की बात भी कही है।



शासकीय भूमि से ट्रैक्टर में मिट्टी लोड करते जेसीबी।

### गुणवत्ता का नहीं दे रहे ध्यान

एनएच 43 से सरस्वतीपुर तक करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण तो किया जा रहा है परंतु गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क निर्माण के प्रारंभिक दौर में न तो पुरानी सड़क को उखाड़ा गया और न ही नियम के मुताबिक मिट्टी पाटने का काम किया जा रहा है। ऐसे में सड़क पर मिट्टी की पतली परत बिछा कर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसे में सड़क कितना टिकाऊ होगा यह तो समय पर निर्भर है। इधर गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### दुर्घटना की संभावना

जिला मुख्यालय आने के लिए जिस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीण करते है उसकी हालत काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों को पुल के मार्ग से जिला मुख्यालय की दूरी काफी कम होती है परंतु सड़क की हालत जर्जर होने से ग्रामीण इस मार्ग का उपयोग करना मुनासिब नहीं समझते जिससे उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। वहीं जो जर्जर मार्ग से आवागमन करने है उन्हें जर्जर सड़क के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस मार्ग में पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### कलेक्टर को दी गई है सूचना

संबंधित ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति के सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी शासकीय भूमि से खनन कर सड़क बनाने में की गई है। इसकी सूचना कलेक्टर संजय अग्रवाल को दी गई है। कलेक्टर ने बिना परमिशन मिट्टी खनन के मामले में ठेकेदार से पेनाल्टी वसूली की प्रक्रिया करने की बात कही है।

-रवि सिंह, एसडीएम सूरजपुर



## देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- चित्रकला, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन में एवं बीईओ पंडित भारद्वाज, एबीईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया। कार्यक्रम प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, आशा का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। विद्यालय में भाषण, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम बिंदेश्वरी, द्वितीय पूजा एवं तृतीय स्थान सविता सिंह ने हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रूपा, द्वितीय देववती एवं तृतीय सविता सिंह, चित्रकला में प्रथम स्थान पूनम द्वितीय प्रीति एवं तृतीय स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया। इस दौरान प्रधान पाठक बीआर हितकर, शिक्षक महेंद्र पटेल, अनीता सिंह, कृष्ण यादव, योगेश साहू, सविता साहू, रघुनाथ जायसवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## संकुल स्तरीय बाल शोध मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, पांच विद्यालय से 155 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

संकुल केंद्र सोनतराई में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संकुल स्तरीय बाल शोध मेले का आयोजन किया गया। बाल शोध मेला में संकुल केंद्र के पांच विद्यालय से कुल 155 बच्चे शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न विषय पर शोध करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। अधिकारियों ने बताया कि शोध प्रस्तुत करने के लिए पूर्व में ही गणित, हिंदी, विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान आदि विषय की जानकारी दी जा चुकी थी। बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से विषयवार शोध करते हुए उससे संबंधित पोस्टर एवं प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा बच्चों ने पाठ्यपुस्तक एवं विभिन्न गतिविधियों से जुड़े कार्यो का भी संकलन किया था जिसे उन्होंने प्रदर्शनी के तौर पर बाल शोध मेला में प्रस्तुत किया। इस दौरान बाल शोध मेला का निरीक्षण करने पहुंचे बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह ने इस आयोजन की सराहना की। बीइओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को काफी कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ जुड़कर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जब किसी चीज का शोध होता है तो उससे जुड़ी तमाम जानकारी का पता चलता है। इसके जरिये भविष्य में बच्चे हर पहलू पर शोध करके उससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक रचना सोनी ने किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, शिक्षक लक्ष्मण लकड़ा, नीलमणि बेक, सविता आप्टे, जयबीना कुजूर, लक्ष्मनिया कच्छप, शिरीन गुप्ता, शारदा तिवारी, जरबिना लकड़ा, रेखा मिश्रा, नमिता गुप्ता, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ज्ञानप्रकाश आदि उपस्थित थे।



मेला में शामिल बच्चे।



### मिमिक्री मामले में भाजपा ने जताई आपत्ति

- भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन, फूंका पुतला

**अम्बिकापुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के विरूद्ध टीएमसी सांसद की आपत्तिजनक मिमिक्री करने तथा राहुल गांधी द्वारा वीडिया बनाकर उपराष्ट्रपति का मजाक बनाये जाने के विरोध में भाजपा नगर मंडल ने घडी चौक पर सांसद राहुल गांधी और टीमसी सांसद के कृत्य पर आपत्ति जताई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उनके परिवार ने हमेशा देश के संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। इसके पूर्व कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी अपमान किया था। प्रेस के सामने सरकार का आर्डिनेंस फाड़कर राहुल गांधी अपनी ही सरकार के प्रधानमंत्री का अपमान किया है। भाजपा इस कृत्य की घोर निंदा करती है। मंडल अध्यक्ष मधुसूदन ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदन परिसर में उपराष्ट्रपति का अपमान कर लोकतंत्र को कलंकित किया है। उन्हें तत्काल अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, भारत सिंह सिसोदिया, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी, राजकुमार बंसल, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, मुरारी बंसल, विकास पांडे, मधु चौदहा, संतोष दास, आलोक दुबे, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, बलराम जायसवाल, राजबहादुर शास्त्री सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देवरी व जजावल में विकसित भारत संकल्प यात्रा की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत जजावल व ग्राम पंचायत देवरी में जनपद पंचायत के अध्यक्ष जगत लाल आयाम व सभी विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम दीपिका नेताम ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्यों के साथ भागीदारी से लक्षित एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण, आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा एलपीजी कनेक्शन, जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड वितरण करने सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा उपस्थित महिलाओं की गोद भराई छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा का भी वितरण किया गया।

## कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य केंद्रों में अलर्ट मोड पर तैयारी

- देश में नए वैरिएंट जेएन .1 के संक्रमण होने के कई मरीजों की हुई है पुष्टि

**बिश्रामपुर।** कोरोना के नए वैरिएंट जे एन .1 के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट मोड पर तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य अमले द्वारा कोविड मरीजों के उपचार हेतु आक्सजीन सिलेंडर के अलावे बेड सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु पहल शुरू की है। जानकारी के अनुसार देश में केंद्र एवं राज्यों के संयुक्त प्रयास से कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण में है, परन्तु इन दिनों पुनः देश के कुछ राज्यों में कोरोना के नए वैरिएंट जे एन .1 के मरीजों की संक्रमण होने की कुछ संख्या में पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी नव-वर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कोविड संक्रमण के रोकने हेतु रेस्पिरेटरी हाइजिन और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की बात आमजन से की ही है। सूरजपुर बीएमओ डॉ.प्रशांत सिंह ने बताया कि सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले संदिग्ध मरीजों के प्रकरणों की सतत निगरानी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आर टी-पीसीआर जांच में धनात्मक आने वाले प्रत्येक सैंपल को जांच हेतु एम्स रायपुर भेजा जाएगा, जिससे नए वैरिएंट जे एन .1 की पहचान की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड-19 की उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियों के आंकलन हेतु मॉक ड्रिल भी किए जाएंगे। सूरजपुर बीएमओ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर प्रभारी डॉ.प्रशांत सिंह ने बताया कि बिश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान स्थिति में आक्सीजन सिलेंडर 19 नग, आक्सीजन कांसेंटट्रेटर 18 नग व जंबो सिलेंडर 41 नग उपलब्ध हैं।



## ट्रैक्टर से जुताई के दौरान रोटावेटर में फसने युवक की मौत

**लखनपुर।** खेत में जुताई करने के दौरान रोटावेटर मशीन में फंसकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक खेत में काम करते समय रोटावेटर की चपेट में आ गया जबकि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जोतपुर झाबर निवासी 21 वर्षीय जितेश्वर आ. राम सुन्दर राजवाड़े आज खेत में जुताई का काम करवा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर में रोटावेटर लगाकर खेत की जुताई की जा रही थी। जुताई के दौरान अचानक ही चालक की लापरवाही से युवक रोटावेटर में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए मर्च्युरी में रखवाया गया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## चरित्रशंका पर पति ने की गर्भवती पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

- तीन दिनों से कर रहा था मारपीट, ग्राम महुली की घटना

चरित्र शंका पर लम्बे समय तक अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने के उपरांत गुरूवार को तड़के आरोपी पति अपनी गर्भवती पत्नी की बेरहमी पूर्वक हत्याकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है तथा आरोपी की तलाश में जुटी है।

ग्राम मोहली निवासी कमलेश साकेत आ. गौतम साकेत (21 वर्ष) ने दो वर्ष पूर्व करोंटी ए निवासी लीलामती खैरवार के साथ प्रेम विवाह किया था। कुछ महीने पूर्व लीलामति ने एक बच्चे को जन्म दिया था जिसकी मौत होने के बाद वह बाहर चली गई थी। पति ने थाने में उसके गुम होने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। चार-पांच महीने पहले लीलामति वापस अपने घर लौट आई थी तथा पति के साथ रह रही थी। उसके वापस घर लौटने के बाद पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था तथा पति अपनी पत्नी की बेदम पिटाई करता था। पति-पत्नी चरित्र शंका को लेकर पिछले दिनों से आपस में विवाद कर रहे थे। बुधवार को विवाद करने के बाद दम्पती जंगल की ओर गए थे तथा लौटने पर खाना खाकर सो गए। रात में आरोपी पति ने कड़ाही में तेल गर्म कर पत्नी के चेहरे पर छिड़क दिया। आरोपी ने घर में सो रहे अपने माता-पिता के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था तथा तड़के पति-पत्नी विवाद करने लगे। पति द्वारा मारपीट करने पर लीलामति किसी तरह बाहर निकली एवं सास-ससुर के दरवाजे की सांकरण खोलने लगी। कमलेश पत्नी को पकड़कर वापस कमरे में लाकर उसकी पिटाई करने लगा। इस दौरान उसके माता-पिता ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपी उनकी हत्या करने की धमकी देने लगा। डरे-सहमे माता-पिता ग्रामीणों को बुलाने बस्ती में चले गए। माता-पिता लौटे तो लहुलूहान लीलामति को देख सन्न रह गए। आरोपी ने अपने माता-पिता को किसी से भी कुछ कहने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। सुबह होने पर वह घर में रखा 1 बोरी धान बेचने के लिए निकला, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन के बचाव से हत्या की पुष्टि होने के उपरांत पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मृतिका का पीएम कराने के बाद पुलिस ने लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस आरोपी द्वारा पहले गमछे से पत्नी की गला घोटने के बाद किसी कठोर वस्तु से सिर पर हमला कर उसकी हत्या करने की संभावना जता रही है।

थाना प्रभारी जेएस कंवर ने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का था। उसके विरूद्ध थाने में मारपीट व चोरी व छिनैती से संबंधित 10 प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी की तलाश की जा रही है।



घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

### गर्ल्स स्कूल की छात्राओं द्वारा किया गया रेल्वे स्टेशन बिश्रामपुर का औद्योगिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम टेलीकम्युनिकेशन में अध्ययनरत छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं की छात्राओं को रेल्वे स्टेशन बिश्रामपुर में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। स्टेशन मास्टर डीके पाल द्वारा सिग्नल मैनेजमेंट में उपयोग में आने वाले उपकरणों का विवरण छात्राओं को बड़े ही सहजता से बताया गया। छात्राओं से बात करने पर पता चला कि उन्हें इस प्रकार के भ्रमण से अध्ययन में बहुत ही सुविधा प्राप्त होती है एवं नई चीजें एवं तकनीकी सीखने को मिलती है। इस व्यावसायिक भ्रमण में टेलीकम्युनिकेशन के व्यवसायिक प्रशिक्षक गणेश कश्यप, थलेश्वर राजवाड़े एवं विद्यालय की शिक्षिका प्रभा मिंज मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे विधायक

**लखनपुर/रजपुरीकला।** एमजी रोड पीजी कॉलेज के सामने वाहन की चपेट में आने से भाजपा कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का रायपुर स्थित निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इधर घटना की जानकारी लगने पर विधायल राजेश अग्रवाल रायपुर अस्पताल पहुंच घायल से मुलाकात की साथ ही परिजन का हौसला बढ़ाया।

जोड़ा पीपल बूथ क्रमांक 102 के अध्यक्ष संजय गुप्ता का पीजी कॉलेज के सामने रात 2 बजे अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल संजय गुप्ता का इलाज रायपुर स्थित निजी अस्पताल में चल रहा हैं। इधर घटना की सूचना भाजपा मंडल मंत्री पंकज गुप्ता द्वारा मोबाइल से विधायक राजेश अग्रवाल को दी। सूचना मिलते ही विधायक राजेश अग्रवाल तत्काल संजय गुप्ता एवं दौलतपुर निवासी देव कुमार के परिजन से संपर्क कर उनका हालचाल जाना। साथ ही इलाज की जानकारी लेने रायपुर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में सभी डॉक्टरों से जानकारी लेने के बाद परिजन का हौसला बढ़ाते हुए डॉक्टर को सही इलाज के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी परेशानी होने पर संपर्क करने की बात कही। इस दौरान डॉ. सलमान खान, सीनियर रेजिडेंट न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट डॉ. वैभव पांडे, डॉ. पलाश, सौरभ अग्रवाल, तबरेज आलम सहित परिजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु शिविर स्थल निर्धारित

**सूरजपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी कार्यक्रम 22 से 23 दिसंबर के लिए विभिन्न स्थानों पर निर्धारित कर लिए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 22 दिसंबर को दतिमा, सुमेरपुर, गंगौटी, तारा एवं चंदौरा में सूबह 10 बजे से, गांगीकोट तिवरागुड़ी, शिवप्रसादनगर, मेंड्रा व मायापुर-1 में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 23 दिसंबर को करवां, मकरबंधा, बंजा, चंदन नगर एवं मानी में सुबह 10 बजे से एवं अनुजनगर, भुनेश्वरपुर, केवरा, नमना व लोलकी मे दोपहर 2 बजे से शिविर प्रारंभ होगा।

### राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में रूही का चयन

**बैकुण्ठपुर।** 23 वीं राज्य स्तरीय तवा फेंक प्रतियोगिता में रूही मराबी कक्षा नवमीं (सेजेस बैकुंठपुर) ने राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया था, इससे भी ज्यादा गौरव का विषय ये है कि रूही का चयन अब उसके काबिलियत को देखते हुए राष्टीय स्तर पर खेलने के लिए भी हो गया है। ज्ञात हो कि 23 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारभं प्रत्येक जिले के जिला स्तर से प्रारंभ किया गया,इसके तारतम्य में कोरिया जिले में जिला स्तरीय तवा फेक प्रतियोगिता का आयोजन सेंट जोसेफ विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया।

## पेज 1 का शेष...

### तरंगित फंदे में युवक की...

जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने के लिए गया हुआ था। शिकार के लिए मृतक व आरोपियों ने मिलकर 11 हजार केव्ही के वायर से जीआई तार फंसकर विद्युत चोरी की गई और शिकार के लिए फंदा तैयार किया गया। इस दौरान कोई जानवर तार की चपेट में आया लेकिन वह चिल्लाते हुए भाग निकला। इधर आवाज सुनकर शिकार को देखने पहुंचे युवकों में से जितेंद्र खुसरो का पैर हाईटेंशन तार में पड़ गया और वह करेंट की चपेट में आ गया और मौत हो गई। इधर घटना के बाद उसके साथी मौके से भाग निकले। पुलिस द्वारा मामले में धारा 304 व धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत सनावल कुसफर स्कूल पारा निवासी 21 वर्षीय राम शरण आयाम आ. राम लखन, सनावल अधुआपारा कुर्लुडीह निवासी 40 वर्षीय बिलबल ओईके आ. बीगु व वाड्रफनगर गौंटियापारा निवासी 35 वर्षीय राम सिंह श्यामले आ. बलजीत श्यामले को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई डाकेश्वर सिंह, एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक संजीव कुमार सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रोसमेरी किस्पोट्टा, आरक्षक दुर्योधन सिंह आदि सक्रिय रहे।

## दो-तीन दिन तक बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण पारा में वृद्धि की संभावना

# विक्षोभ एवं प्रति चक्रवात के प्रभाव से बदली हवा की दिशा, ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव से पिछले एक सप्ताह से जारी भीषण ठंड से आंशिक राहत मिली है। पछुआ विक्षोभ एवं अन्य मौसमी बदलावों से हवा की दिशा बदल गई है। मौसम अधिकारी आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही दो-तीन दिनों तक पारा में आंशिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन ठंड से बहुत राहत मिलने की संभावना नहीं है। बादलों के छंटते ही एक बार फिर ठंड का पलटवार होगा तथा फिर से कड़ाके की ठंड़ पड़ेगी।

**खास बात**
- विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर शुरू होगा ठंड का पलटवार

सरगुजा में पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड़ पड रही है तथा रात का तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा है। पिछले दो दिनों तक रात का तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री नीचे पहुंचने के कारण ठंड से जन जीवन प्रभावित रहा। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के बावजूद उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह में कोई अंतर नहीं आया तथा उत्तर की सर्द हवाएं लगातार कंपकपी बढ़ाती रही। पिछले चार दिनों से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से नीचे रहने के कारण लोग ठंड से कांपते रहे। इधर उत्तरी भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ एवं दक्षिणी भारत में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है, वहीं बंगाल की खाड़ी में सक्रिय प्रति चक्रवात के प्रभाव से हवा की दिशा उत्तरी से बदल कर उत्तर-पूर्व की हो गई है। हवा की दिशा बदलते ही तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू हो गया है। मौसम कार्यालय द्वारा हवा की दिशा बदलने के बाद गुरूवार को न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। न्यूनतम पारा में 1.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के कारण ठंड से मामूली राहत मिली है। अभी भी न्यूनतम तापमान सामान्य तापमान से नीचे होने के कारण ठंड में बड़ा अंतर नहीं आया है। मौसम विज्ञानी मौसम में आए बदलावों के कारण शुक्रवार से आसमान पर उच्च एवं मध्यम स्तरीय बादलों की सक्रियता बढ़ने एवं रात के तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।


आग तापते लोग।

### ऐसा रहा तापमान

| | | |
|---|---|---|
| 15 दिसम्बर | 23.5 | 6.1 |
| 16 दिसम्बर | 24.5 | 6.2 |
| 17 दिसम्बर | 25.0 | 6.3 |
| 18 दिसम्बर | 21.6 | 6.6 |
| 19 दिसम्बर | 21.4 | 5.3 |
| 20 दिसम्बर | 21.0 | 5.2 |
| 21 दिसम्बर | 22.7 | 6.9 |

### नहीं मिलेगी खास राहत

मौसम में बदलाव होने के बावजूद फिलहाल ठंड से बहुत राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पूर्वोत्तर की अग्रसर पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव मिलने के कारण विक्षोभ कुछ शक्तिशाली हुआ है लेकिन इसका प्रभाव आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने तक सीमित रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया क दो-तीन दिन बाद पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से बदल कर उत्तरी हो जाएगी तथा उत्तर की बर्फीली हवाओं का प्रवाह शुरू हो जाएगा, जिसके प्रभाव से तापमान मे गिरावट होने के साथ ही एक बार फिर ठंड का पलटवार होने की संभावना है।

### हर साल पड़ती है कड़ाके की ठंड

दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में पूर सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ती है। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह एवं जनवरी के प्रथम सप्ताह में ठंड अपने शबाब पर रहती है। इस बार मध्य दिसम्बर में पछुआ विक्षोभ एवं चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बेमौसम वर्षा होने के कारण ठंड ने दिसम्बर मध्य से ही अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है।

# क्रिसमस महोत्सव व ख्रीस्त जयंती पर आज निकलेगी भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रभु यीशु के जन्म महापर्व क्रिसमस के उल्लास में मसीही समाज डूबा हुआ है। क्रिसमस के पूर्व संयुक्त मसीसी सेवा समिति द्वारा क्रिसमस महोत्सव ख्रीस्त जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य रैली निकाली जाएगी। मसीही समाज द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण ली गई हैं। इस संबंध में मसीही सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अजय लाल ने बताया कि क्रिसमस महोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम स्थल संडे हाऊस चन्द्ररपुर के सामने प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद यह प्रार्थना सभा रैली के रूप में तब्दील हो जाएगी। क्रिसमस महोत्सव की रैली नगर के संयुक्त जिला कार्यालय, अग्रसेन चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेडियम ग्राउंड में समाप्त होगी। रैली के दौरान शांति गली, पुराना बस स्टैंड, संयुक्त जिला कार्यालय, जिला चिकित्सालय, अग्रसेन चौक व शासकीय बालक उमावि के समीप विशेष प्रार्थना कर परिवार, समाज व देश के अमन, चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी जाएगी।

- क्रिसमस के उल्लास में डूबा मसीही समाज

अध्यक्ष श्री लाल ने बताया कि रैली में संभाग के सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, सूरजपुर व एमसीबी जिले से समाज के लोग शामिल होंगे। रैली के दौरान नशा मुक्ति को लेकर समाज के युवाओं द्वारा आम लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। रैली के बाद समापन स्थल स्टेडियम ग्राउंड में समाज के युवक-युवतियों द्वारा मसीही भजनों के साथ नृत्य व गीत-संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवक-युवतियों सहित आयोजन को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जयनगर में लगाया गया फूड मेला



**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में बुधवार को फूड मेला का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सभी शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर फूड मेला का उद्घाटन किया गया। फूड मेला में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था। फूड मेला का आनंद सभी अभिभावक एवं ग्रामवासियों तथा शिक्षकों ने लिया। फूड मेला के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# आमंगाव खदान में दो हादसों के बाद भी दोषियों पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमंगाव खदान में विगत आठ माह के भीतर दो-दो खदान हादसों में दो ठेका मजदूरों की मौत मामले में क्षेत्रीय प्रबंधन की लीपा पोती कर देने से घटना में लापरवाह व दोषी अधिकारियों पर अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है जिससे कि कम्पनी प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर की आमंगाव खुली खदान परियोजना में वर्ष 2023 से अब तक दो खदान हादसे हो चुके हैं, इसमें दो ठेका कर्मियों की खदान के भीतर मौत हो गई थी।पहला मामला 18 मार्च 2023 का है जहां कोल स्टॉक यार्ड से रोड सेल का कोयला लोड करा रहे ठेका मजदूर बबल कुमार राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई थी।खदान के भीतर हुई मौत को खदान के बाहर की घटना बताने के उद्देश्य से मृत हालत में मजदूर को अम्बिकापुर अस्पताल भेज दिया गया था। मामले में हैरान कर देने की बात यह रही कि कम्पनी प्रबंधन ने घटना की भनक डीजीएमएस को भी नहीं लगने दी और मामले को गुप चुप तरीके से दबाने की कोशिश की गई। इसी प्रकार गत 25 जून को भी इसी खदान में प्रबन्धन की लापरवाही से दूसरी बार खदान के मजदूर कुमदा बलरामपुर निवासी गुलाल साय की मौत खदान परिसर हो गयी, यहां भोजन करते समय तेज रफ्तार से विपरीत दिशा से आ रहे वाहन की चपेट में आकर उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे को भी खदान के मैनेजर व तत्कालीन प्रबंधन ने आनन फानन में पुलिस व परिजनों को विश्वास में लेकर मामले को दबा दिया ,इस मामले की भी खदान प्रबंधन ने पहले मामले की तरह डीजीएमएस को इस बार भी भनक लगने नहीं दी।खदान के भीतर हुई दो- दो हादसों में दो लोगो की मौत के बाद क्षेत्रीय प्रबंधन अथवा कंपनी प्रबंधन ने आरोपित मैनेजर को अब तक नहीं हटाया है और ना ही दोषी अधिकारियों पर अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही हुई है ।

इस संबंध में एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव ओसीएम के नव पदस्थ सब एरिया मैनेजर अवधेश झा ने बताया कि मेरी पदस्थापना को महज ढाई माह हुए हैं,उक्त दोनों घटना मेरे कार्यकाल के नहीं है, इसलिए मैं इस विषय में कुछ बता नहीं सकता, अभी हाल ही में दोनों घटना की जानकारी मिली है, मैं मामले का पता करता हूं।

### हादसे के बाद नियम अनुसार डीजीएमएस को देनी होती है सूचना

बता दें की किसी भी प्रकार के खदान हादसा होने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधन को खान सुरक्षा महानिदेशक को मामले की सूचना घटना के तत्काल बाद नियम अनुसार देनी होती है,सूचना के बाद खदान में यथा स्थिति होनी चाहिए। डीजीएमएस अपने अधीनस्थ संबंधित रीजन में पदस्थ डीडीएमएस को निरीक्षण के लिए मौके पर भेजते है जहां घटनास्थल की विडियो ,फोटो ग्राफी होने के बाद खदान के मैनेजर सहित सुरक्षा अधिकारी,सब एरिया मैनेजर सहित मौके पर कार्यरत कर्मियों के घटना के संबंध में ब्यान दर्ज किये जाते हैं। यदि इस दौरान खान सुरक्षा निदेशक को लापरवाही मिलती है तो वह खदान को जांच पूर्ण होने तक बंद रखने का निर्देश देते हैं ।

# अक्षत कलश का नगर में कलश व शोभायात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित, अभिमंत्रित अक्षत कलश एवं मंडलों में वितरित होने वाले कलश का विधि-विधान से पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे गहिरा गुरु के सुपुत्र चिंतामणि महाराज ने राम जन्मभूमि के इतिहास एवं वर्तमान परिपेक्ष के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा ने राम मंदिर एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। गुरुवार की दोपहर 1 बजे से नगर में कीर्तन-भजन, ढोल नगाड़े के साथ रामदरबार की झांकी भव्य आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा हनुमान मंदिर से मुख्य मार्केट होते हुए अंबेडकर चौक से वापस पुनः हनुमान मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का मुख्य मार्ग में राम भक्तों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। हनुमान मंदिर में विजय मंत्र एवं हनुमान चालीसा तथा भोग प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड संयोजक महेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बजरंग दल के जिला संयोजक सुजीत सिंह, मंडल संयोजक विष्णु अग्रवाल, मयंक गोयल, रवि शंकर बउवा, खंड कार्यवाह जुगेश्वर राजवाड़े, डॉ पंकज मोदनवाल, शशि नान्हू, भगवान मिश्र, विनय तिवारी, कृष्णा गोयल बल्लू, सतीश तिवारी, कमलेश चौबे, अवधेश महतो, लवन राजवाड़े, बुधराम साहू सहित दुर्गा वाहिनी एवं हिंदू संगठन के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।















